कामीकाजे

World Terrorism

HEMANT
JAGDISH 007
GOVIND RAM

राज रजत वर्ष

आतंकहर्ता नागराज

आजादी हर इंसान का नैतिक अधिकार है। कोई इसे छीनने की चेष्टा करेगा तो नफरत की चिंगारियां पैदा होंगी ही होंगी।
पूर्व कॉमिक रोनिन में आपने पढ़ा कि 1945 के द्वितीय विश्वयुद्ध में अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहरों पर परमाणु बम गिरा कर जापान पर लागू किया आर्टिकल-9 जिसकी खिलाफत करके जापान की रक्षा का बीड़ा उठाया गुरु कोशीमासा ने। उसकी अमेरिका विरोधी गतिविधियों को देशद्रोह करार दिया गया और उसे गिरफ्तार करके किसी गुप्त जेल में डाल दिया गया। कियो ने की थी नागराज को मारने की कोशिश इसलिए कियो की तलाश में नागराज आ गया था जापान। जहां वो जापान की आतंकवाद की आग में घिर गया है। फुच्चू जेल में कैद ओम् गुरु कोशीमासा को रिहा कराने के लिए शूतिन ने किया था सुसाइड अटैक। उनको रोकने के लिए मिलिट्री इंटेलिजेंस का जांबाज अफसर जेट-ली तैयार था। अब आगे जानने के लिए पढ़ें-
संजय गुप्ता पेश करते हैं!
कामीकाजे
THE SUCIDE ATTACKERS
(Adventure in Japan-II)
राज कॉमिक्स है मेरा जनून!
परिकल्पना
विवेक मोहन
अनुराग सिंह
लेखक
संजय गुप्ता
तरुण कुमार वाही
चित्रांकन
हेमंत
इंकिंग
जगदीश कुमार
इफैक्ट
शादाब
कैलीग्राफी
हरीश शर्मा
सह संपादक
मंदार गंगेले
संपादक
मनीष गुप्ता

फुच्चू जेल
कोसीमासा जापान का मुजरिम है शूतिन। तुम इसे नहीं ले जा सकते।
गुरु कोशीमासा बुद्ध के अवतार हैं। हम इन्हें कैद में नहीं रहने देंगे। देखते हैं हमें कौन रोकता है।
मैं रोकूंगा तुम्हें।
शूतिन को रोकने वालों की सांसे रुक जाती हैं!
सेकेण्ड वर्ल्ड वार में इम्पीरियल एयर फोर्स का सबसे खूंखार सिपाही था।
हवाओं को चीर कर एलाईड फोर्सेस के सीनों की धड़कनें बंद कर देता था।
अकेले मैंने 22 विमान मार गिराए थे।

तब एक दिन कमाण्डर तमाइ ने कामीकाजे अटैक का प्लान बनाया। जिसमें दुश्मन के युद्ध पोतों पर विमान टकराने थे।
मैं भी अपने राजा हीरो हीतो के लिए उस अटैक में शामिल हुआ। विमान लेकर उड़ा और सीधा युद्धपोत से टकरा गया।
दुश्मन के युद्धपोत की जान निकाल गई, मेरी बच गई। शरीर टूट-फूट गया लेकिन मनोबल नहीं। तब भी देश के काम आया था आज भी देश के काम आऊंगा।
तेरा मनोबल आज मैं तोड़ दूंगा शूतिन। तब जो तूने किया वो देशभक्ति थी। आज जो कर रहा है वो देशद्रोह है।
सेकेण्ड वर्ल्ड वार मैंने भी लड़ी थी। लेकिन मैं तब भी देश के लिए लड़ा था और आज भी देश के लिए लड़ रहा हूं।
तूने सिर्फ टकराना सीखा था शूतिन। मैंने काटना सीखा था। आज मैं तेरे इरादों के साथ तेरे शरीर को भी काट दूंगा।

तो एक टक्कर आयरन हैड की खा और बता, कि अब तू कुछ काटने लायक रहा भी है या नहीं?
मेरी टक्करें मोटी दीवारें तक तोड़ देती हैं। तेरी हड्डियां भी नहीं बचेंगी जेटली।
भून डालो इन्हें।
कामीकाजे का अर्थ होता है देवताओं की हवा जो सारी मुसीबतों को उड़ा ले जाती है। ये प्रचण्ड होती है।
कामीकाजे में अपने अंग गंवाने के बाद हम युनिट 731 को सौंप दिए गए थे। जापानी सेना हम जैसे योद्धाओं को नहीं खोना चाहती थी और तब हमें मिले थे ये स्टीली घातक अंग।
रुई को धून कर खुद को घातक साबित कर रहे हैं ये।

पहाड़ से टकरा कर साबित करें...
...घातक होंगे या होंगे आहत।
धड़ाम

मारा गया वो नाग मानव।
नहीं। नाग मानव नहीं मानव नाग! ये मानव नाग आतंकवाद का अंत किए बिना नहीं मारा जा सकता।
मैं समय रहते इच्छाधारी कणों में बदल कर बच निकला था।
याद रखना! इस मानव नाग का नाम है नागराज!
आह!
थड़!
खत्म कर दो आजादी के इस दुश्मन को...
....जो हमारी आजादी की लड़ाई को आतंकवाद का नाम दे रहा है
नागराज! अब तू खुद अपने बिल में घुसेगा या मैं टक्कर मारकर तुझे धरती में घुसा दूं?

तुझे अपनी टक्कर पर बहुत नाज है ना आयरन हैड। तो आ जा, हो जाए एक मुकाबला कि कौन किसे कहां घुसाता है?
ओह!
शूतिन तुझे चीर कर रख देगा नागराज। गुरु कोसीमाशा की शक्तियों से अभी परिचित नहीं है तू!
धाड़

मैं अपने दुश्मन के उतने टुकड़े करता हूं जितनी की मेरी उम्र होती है।
तेरे 84 टुकड़े करूंगा मैं।
कमबख्त यहां जापान में क्या सभी मार्शल आर्ट्स के माहिर होते हैं?
वो भी हाईटेक मार्शल आर्ट्स।
धांए धांए धांए
ओह नहीं! इन लोगों की मृत्यु के साथ ही खत्म हो गई इनके सरगना तक पहुंचने की उम्मीद भी!

मेरा नाम जेट-ली है!
ये द्वितीय विश्वयुद्ध में अपंग हुए सिपाही थे जिन्होंने अपने कटे अंगों की जगह मशीनी अंग लगवा लिए होंगे।
ये यहां गुरु कोशीमासा को आजाद करवाने आए थे।
मदद के लिए धन्यवाद नागराज।
ये तीनों आतंकवादी संगठन ओम के सुसाइड अटैकर्स थे।
अगर तुम समय पर ना आए होते तो आज ये कोशीमासा को ले जाने में सफल हो जाते।
तुम यहां कैसे पहुंचे नागराज?
ब्रेकिंग न्यूज सुन कर।
मैं कोशीमासा के बारे में विस्तार से जानना चाहूंगा।
कोशीमासा 1925 में एक गरीब परिवार में पैदा हुआ था। बचपन में ही उसकी एक आंख जाती रही। इस कारण साथी दोस्त उसका मजाक उड़ाते थे।
उसने खुद को दुनिया से दूर कर लिया और बुद्धिस्ट कल्ट और नास्त्रेदमस की पढ़ाई में समय बिताने लगा।
उसके विचार रुढ़िवादी होते चले गए।
भविष्य को जानने की भी इच्छा थी उसमें।
EXIT

1945 के द्वितीय विश्वयुद्ध में अमेरिका ने नागासाकी और हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराए थे। उसका मानना था कि अमेरिका जापान पर कभी भी दोबारा हमला कर सकता है और वो दिन प्रलय का दिन होगा।
वो चाहता था कि जापानी मिलिट्री के पास भी ऐसे हाईटेक हथियार हों, जिससे वो अमेरिका से टकरा सके। लेकिन जापान की 'नॉन न्यूक्लियर पॉलिसी' और 'आर्टिकल 9' की वजह से ऐसा संभव नहीं था। जापान को विध्वंसक हथियार बनाने की अनुमति नहीं थी।
कोशीमासा ने खुद ही ये काम करने का बीड़ा उठाया।
यानी उसने खुद ही विध्वंसक हथियार बनाने की ठान ली।
किंतु इस प्रोजेक्ट के लिए बेशुमार पैसा चाहिए था। इसके लिए उसने एक धार्मिक संगठन 'ओम' की स्थापना की। वो कहता था कि प्रलय के दिन वही लोग बचेंगे जो उसकी शरण में आएंगे।
उसने भविष्यवाणी की कि प्रलय के दिन अग्नि मसीहा उत्पन्न होगा और जापान की रक्षा करेगा। प्रलय के डर से धर्म भीरु जनता डर गई। ओम के सैकड़ों-हजारों अनुयायी हो गए। संगठन को बेशुमार पैसा मिलने लगा। मगर कोशीमासा का असली उद्देश्य कोई नहीं जानता था।
उसके अनुयायियों में डिफेन्स से जुड़े अफसर, वैज्ञानिक, टेक्नीशियन्स, भी थे। अपने प्रोजेक्ट के लिए उसने 'मिलिट्री' के अहम् टेक्नीशियन्स और परमाणु वैज्ञानिकों का अपहरण किया।

इसी बीच एंटी कल्ट लायर टोमो शोगो ने ओम पर केस कर दिया कि ये लोग धर्म के नाम पर जबरदस्ती अपने शिष्यों से पैसा वसूलते हैं।
तब इसने हड़बड़ी में सरीन गैस अटैक कर पूरे जापान को दहला दिया था। इस अटैक में 200 निर्दोष जापानी मारे गए थे।
कोशीमासा ने सोचा था कि इससे जापान सरकार डर जाएगी लेकिन हुआ इसका उलटा। इसके संगठन पर पुलिस रेड हुई।
कोशीमासा को गिरफ्तार कर लिया गया और ओम पर बेन लगा दिया गया।
'ओम' के ही एक सदस्य शिगेहीरो ने इसके कई गैर कानूनी हथियारों के अड्डे पकड़वाए और वो कोशीमासा के खिलाफ सरकारी गवाह बन गया।
कोशीमासा पर मुकद्दमा चला लेकिन पूरे जापान में फैले उस के हजारों अनुयायियों के भड़क उठने की आशंका के कारण फैसला अभी तक अटका हुआ था।
इस अटके हुए फैसले को मुझे जेल में ही खत्म कर देना चाहिए था।
लेकिन वह जर्जर वृद्ध इस लायक नहीं लग रहा था। उसके चेहरे पर परम शांति के भाव थे।

उम्र जापान में धोखा दे सकती है।
जेट-ली तुम्हारी उम्र क्या है?
64 वर्ष।
उम्र से बूढ़े पर शरीर से जवान होते हैं ये। लेकिन फिर भी मुझे यह ध्यान रखना है कि कोशीमासा एक धार्मिक गुरु है।
कहीं मेरे किसी कदम से लोगों की धार्मिक आस्था पर कोई चोट ना पहुंच जाए जिससे कि जापान की शांति भंग हो जाए।
नागराज कल सुप्रीम कोर्ट में कोशीमासा की पेशी होनी है।
शायद ये उसके मुकदमे के फैसले की आखिरी पेशी हो।
उसके अनुयायियों के पास भी शायद उसे आजाद करवाने का ये अंतिम अवसर हो,
जिसे वो किसी भी कीमत पर खोने नहीं देना चाहेंगे।
लेकिन हम अपने मकसद में जरूर कामयाब होंगे
अब आखिरी मौका है...
...कल सुप्रीम कोर्ट में मेरी पेशी होगी। या तो मेरा फैसला कर दिया जाएगा या मुझे मिलिट्री इंटेलीजेंस के धुरंधर और कसाई जासूस जेट-ली को सौंप दिया जाएगा जिसके पास कैदी जिंदा जाते तो हैं मगर जिंदा लौटते नहीं।
पूरे जापान में फैले अपने अनुयायियों का आह्वान करो।
जापानी सरकार को अपनी ताकत दिखाओ।
आज नागराज ने अपनी ताकत दिखाई है।
हमें डराने की कोशिश की है।
कल तुम उसे डराओगे।
उसे अपनी ताकत दिखा दोगे।

"कल मुझे कोर्ट से जरूर छुड़ाना है। ओऽम"
अमेरिका की गुलामी नहीं सहेंगे।
गुरु कोशीमासा निर्दोष हैं।
गुरु कोशीमासा को छोड़ दो।
वो देशद्रोही नहीं, देशभक्त हैं।
गुरु कोशीमासा.... जिंदाबाद!!
ये जुलूस गैर-कानूनी है।
इसकी आज्ञा नहीं ली गई है।
इसे यहीं पर समाप्त किया जाए, अन्यथा सख्त कार्यवाही होगी।
वूऊऽऽऽवूऊऽऽऽ
कार्यवाही तो होगी। मगर हमारे झुकने की नहीं।
खनाक!!!
खनाक!!!
हम विदेशियों के आगे घुटने नहीं टेकेंगे।
गुरु कोशीमासा को छुड़ाकर रहेंगे।
उनका बाल भी बांका नहीं होने देंगे।

रोकना है तो नागराज को रोको।
बू म्म
NOVA!!!
आंसू गैस दागो।
नागराज वापस जाओ!!
कल की घटना के कारण उन्हें लग रहा है कि यदि मैं सूसाइड अटैकर्स के रास्ते में नहीं आता तो वे लोग अपने गुरु को जेल से आजाद करवाने में सफल हो जाते।
इसीलिए मुझे जापान की आजादी का दुश्मन बताया जा रहा है।
सुप्रीम कोर्ट
YOUR HONOR! आपके सामने खड़ा शख्स शक्ल से भले ही साधु लग रहा हो, लेकिन असल में यह एक शैतान है।
मुलजिम पर 20 से ज्यादा गंभीर जुर्मों का आरोप है।
तेरह साल पहले इसे सरीन गैस अटैक की आतंकवादी कार्यवाही के तहत गिरफ्तार किया गया था। जिस में 200 जानें गईं थीं।
इसने मास डिस्ट्रक्शन के हथियार बनाए। सरीन गैस, इबोला वायरस इत्यादि उल्लेखनीय हैं। पूरे जापान में इसकी फैक्ट्रीज का जाल बिछा था।
पिछले तेरह सालों से यह एकदम खामोश रहकर अपनी बेगुनाही का नाटक रच रहा है
जबकि इसके पीछे कारण यह है कि अदालती कार्यवाही को यह अवरुद्ध करना चाहता था। जिसके कारण यह आज तक सजा से बचा रहा।

...और अब तो इसने इंतिहा ही कर दी। इतने सालों में इसने जेल में रहकर ही अपना नेटवर्क इतना सुदृढ़ कर लिया है कि...
...खुद को छुड़वाने के लिए यह अमेरिका तक को चेतावनी देने लगा। इसके प्रतिबंधित आतंकवादी गिरोह ने अमेरिकन एम्बैसी पर सरीन गैस और एंथ्रेक्स का हमला किया। इसे छुड़वाने के लिए फुच्चू जेल पर सुसाइड अटैक किया।
यह इतना ताकतवर हो चुका है कि यह अब जापान सरकार को ही चुनौती दे रहा है। यह खतरनाक मुलजिम देश के लिए घातक संकट बन चुका है।
मेरा माननीय जज साहब से अनुरोध है कि मुलजिम के जुर्मों की गंभीरता को देखते हुए उसे तुरंत कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।
कोशीमासा का गुनाह साफ है! इसे सजा-ए-मौत दी जाती है!
तेरे दिन पूरे हुए कोशीमासा बहुत दिन बच लिया तू!
POLIZEI
गाड़ियों के काफिले को आगे क्यों नहीं बढ़ा रहे? कोशीमासा को यहां ज्यादा देर तक नहीं रोक सकते। ओम के अनुयायियों को फैसले की खबर लगते ही वो सड़कों पर उतर कर किसी भी अनहोनी घटना को अंजाम दे सकते हैं।
POLIZEI

कुछ देर रुकना होना सर। कोर्ट के मेन गेट के बाहर सड़क से काबुकी थिएटर आर्टिस्ट्स का जलूस निकल रहा है।
टनाक
खनाक
खनाक
खनाक
ये एक 'सोशल इवेंट' है सर। सिनेमा के इस आधुनिक युग में थिएटर से जुड़े हुए ये लोग थिएटर को जिंदा रखने के लिए टोक्यो की सड़कों पर नाटकों का प्रदर्शन करते हैं।
O SHIT! इस प्रदर्शन को थोड़ी देर तक पीछे ही रोकना चाहिए था।
तुम सभी! चौकस रहना।
मैं अभी आता हूं।
काबुकी!!!
जापानSSS
प्यार
जापान SSS
काबुकी!!!
ईयाहSS
ईयाहSS

हीयाह!!
झन्नाक!!!
इस दिन का बेसब्री से इंतजार था मुझे।
हीऽऽयाह
ईऽऽ
सांय!!!
ओह! ये काबुकी आर्टिस्ट नहीं हैं। ये लोग 'ओम' के सदस्य हो सकते हैं।
ये लोग अपने गुरु कोशीमासा को छुड़ाने आए हैं।
सभी वेन को कवर करो।
सांय!!!
उफ!
आज कोई कवर, कोई कवच नहीं बचा पाएगा कोशीमासा को!
झन्नाक!!!
ईयाहऽऽऽह!!!
मुझे अपने टारगेट तक पहुंचना है।
झन्नाक!!!

कई वर्षों से कोशीमासा के रक्त की प्यासी है मेरी कटाना टोमो!
कोशीमासा का रक्त मिल जाएगा।
...आज बुझ जाएगी इसकी प्यास।
सांय!!!
...पूरा हो जाएगा मेरा बदला।
ओह, नहीं!
टोमो की प्यास अधूरी रह गई।
चलो!!!
भून दो उन्हें!!
जिंग जिंग जिंग!!!
उन्होंने कोशीमासा को मार डाला।
ये कोशीमासा नकली है।
रुको। कोशीमासा के पास पिस्तौल कहां से आया?
तो असली कहां है?

असली कोशीमासा को कोर्ट के पिछले रास्ते से निकालने की तरकीब काम कर गई।
कोर्ट परिसर से गोलियां चलने की आवाजें आ रही हैं। इसका मतलब उधर नकली कोशीमासा पर मेरी आशंका के मुताबिक ही हमला हुआ है।
POLIZEI
POLIZEI
OH NO! ये लोग यहां भी आ गए।
जल्दी करो। निकलो यहां से।
जिंग
भून दो इन्हें।

क्लैंग
सनाक
सनाक
सनाक
सनाक
सनाक
सनाक
ओह! ये लोग कुंगफू की बुलैट ब्रेकर विद्या के माहिर हैं।

इनकी तलवारें लोहे को ऐसे काटती हैं...
...जैसे छुरी डबल रोटी को।
खबरदार! हमारे हथियार काटने के बाद अब ये हम पर हमला करेंगे।
सांय!!!
सांय क्रंच
याऽऽऽ

ओह, नहीं!!
हिस्स!!!
ये केवल नजर का खेल है। मुझे उनकी उस नजर की गति का सामना होगा, जो बुलेट की गति को भांपकर इनकी तलवार को अपने निशाने तक ले जाती है।
तुम्हारे जैसे बेरहम कातिलों की नागराज के पास एक ही सजा है। मौत।
ये विष फुंकारें इन्हें अंधा कर देंगी।
तुम्हारे हथियार तुम्हारी कटाना नहीं तुम्हारी आंखें थीं। तुम्हें उनकी सुरक्षा के लिए कुछ इंतजाम करना चाहिए था।

वाह नागराज। मैं तुम्हारी सर्प शक्तियों और बुद्धि का कायल हो गया।
तुम्हारी कटाना नहीं रही दोस्त। अब तुम्हें नई कटाना लेनी होगी। वैसे मेरे ख्याल से सावा (म्यान) से ही काम चल जाएगा क्योंकि इसे तुम शायद सजावट के लिए टांगते हो।
तुम मुझे शर्मिंदा कर रहे हो ना नागराज?
धन्यवाद नागराज। तुमने मेरी एक बार फिर मदद की।

ओह! ये क्या?
अब तुम्हारी मदद नागराज भी नहीं कर पाएगा।
फर्र्र्र
बूम्म!!!
क्योंकि नागराज तो क्या, ओका-बोका के तूफान के सामने कोई सेना भी नहीं टिक सकती।
फर्र्राट!!!
ओफ्फ!
ये साड़ीनुमा इस लम्बे वस्त्र को इस तेजी से फहराता है कि उसके ठीक नीचे हल्का तूफान पैदा हो जाता है। ये तो हवा को काट कर चक्रवात पैदा करने में माहिर है।
ओका-बोका टाईफून है। चक्रवाती तूफान।
कोई भी चीज घातक रूप से टकरा सकती है।
थड़!!!
थड़!!!
थड़!!!
थड़!!!

वो नकाबपोश कोशीमासा को ले जा रहा है। कौन है वो दोस्त या दुश्मन?
नकाब में अक्सर दुश्मन होते हैं।
ये इस तूफान से चक्की का काम लेगा।
जैसे चक्की के दो पाट अपने बीच अनाज के दानों को पीस कर उसका आटा बना देते हैं।
ये भी कुछ ऐसा ही करना चाहता है हमारे साथ।
लेकिन पहले इस चक्रवाती तूफान से बाहर निकलना होगा।
नागराज! कुछ करो। ये हमारी जान ले लेगा।
POLIZE

गैस सिलेंडर्स की नॉब ऑन है। यानी गैस पाइप से रिस रही है। किसी भी चीज के घर्षण से आग लग सकती है। सिलेंडर फट सकते हैं।
मेरे सांप भी इस तूफान की तेजी को चीरकर इस चक्रवात के बाहर नहीं जा पा रहे।
मुझे हवा में घूमते हुए
इस चक्रवात की ऊंचाई की तरफ बढ़ना चाहिए।
इस चक्रवात के आखिरी सिरे के ठीक ऊपर ओका-बोका वो वस्त्र फहरा रहा है।
हाहाहा!

ओफ्फ! ये क्या?
जिसे मुझे उसके हाथ से छुड़ाना होगा।
धड़ड़ड़ड़
FRANCK
तड़ाक!!!
आह!

ओह! नकाबपोश, कोशीमासा को लेकर उस कार में फरार होना चाह रहा है!
घुर्र्र्र
जुरूऽऽऽम्म
पर मैं इसे सफल नहीं होने दूंगा।
हिस्स!!!
नागराज जापान की आजादी में बाधा बन रहा है! उसे रास्ते से हटाओ!
O.K. BOSS!
यही है जापान की आजादी का दुश्मन, नागराज। जिसके कारण कल भी गुरु आजाद नहीं हो सके थे।
पकड़ लो नागराज को।
उसे जापान से बाहर का रास्ता दिखाओ।
ओह! उन्मादी भीड़ मुझे कोशीमासा का दुश्मन समझ रही है!
जुरूऽऽऽऽऽम्मम

वो रहस्यमय नकाबपोश गुरु कोशीमासा को ले गया।

नागराज!
जापान छोड़ो।

नागराज, जापान की आजादी का दुश्मन नहीं है।

...नागराज आंतकवाद का दुश्मन है।

कानून व न्याय का रखवाला है।

सुप्रीम कोर्ट में गुरु कोशीमासा का अपराध और देश-द्रोह सिद्ध हो चुका है। उसे मौत की सजा दी जा चुकी है।

नागराज को छोड़ दो।

छोड़ दो!

धांए

धांए

धांए

आओ नागराज!

हमारी इस प्लानिंग का हमलावरों को पता कैसे लगा कि हम पिछले गेट से गुरु कोशीमासा को ले जाने वाले हैं...

...जबकि इस प्लानिंग के बारे में या तो मैं जानता था या आप मिस्टर जेट-ली।
नागराज! ओम के सदस्य बहुत शातिर हैं। उन्हें पहले से ही ये आभास होगा कि उनके हमलों की आशंका के कारण हम पिछले रास्ते से कोशीमासा को निकाल सकते हैं। इसलिए उन्होंने दोनों ओर अपने आदमियों को तैयार रखा।
...नकली कोशीमासा का रहस्य उन पर जल्द ही खुल गया, तो पिछले गेट पर तैनात ओका-बोका ने हम पर हमला किया।
सर! एक हमलावर की तलवार हमारे कमाण्डो की गोली लगने से यहां छूट गई है।
ओह! यह याकूजा का मार्क है। इसका मतलब नकली कोशीमासा पर हमला करने वाली कियो थी।
लेकिन उसकी कोशीमासा से क्या दुश्मनी थी? क्या कियो को किसी ने कोशीमासा की सुपारी दी है? यह दोनों हमले अलग-अलग ग्रुप्स ने किए हैं।
जेट-ली की थ्योरी गलत है कि दोनों हमलों में ओम का हाथ था। एक हमला उसे बचाने के लिए किया गया था। दूसरा उसे मारने के लिए। तो फिर ओम को सही सूचनाएं कौन दे रहा है?

कौन था वो नकाबपोश? क्यों वो अपनी पहचान छुपाना चाहता था? क्या जापानवासी उसे पहचानते हैं?
क्या कोई दोहरी चाल चली जा रही है? क्या कोई खेल रहा है डबल गेम?
क्या सोच रहे हो नागराज?
मैं सोच रहा हूं, कि कहीं इस घटना के पीछे शांतियो संगठन का हाथ तो नहीं?
...क्योंकि 'शांतियो' का गुरु शिगेहीरो है, जो कभी ओम का एक कट्टर अनुयायी था।
शांतियो का संपर्क कोशीमासा से भी हो सकता है। दिखाने के लिए वो ओम् का विरोधी हो सकता है। क्योंकि ओम् का सहयोगी रह कर वो ना तो धर्म-संगठन चला सकता है न धर्म-संगठन की आड़ में ओम की गतिविधियों को ही आगे बढ़ा सकता है।
वो ऐसा नहीं कर सकता।
क्योंकि ये प्रश्न मेरे भी दिमाग में था। वो जापानी इंटेलीजेंस की नजर में है।
फिर यदि शिगेहीरो कोशीमासा को सपोर्ट कर रहा होता तो उसके विरुद्ध ऐसी गवाही ना देता, जिस पर उसकी मौत की सजा का पूरा दारोमदार था।
मिस्टर जेट-ली! आपके रहते हुए भी ओम कोशीमासा को आजाद कराने में सफल हो गया।
अमेरिका बहुत क्रोध में है। आपकी गैर जिम्मेदारी की सजा पूरा जापान भुगतेगा।
फिर भी मैं उसको खुद चैक करना चाहता हूं। तुम चाहो तो साथ चल सकते हो।
मैं तुम्हारे साथ हूं।
ब्रीप!
ब्रीSSSप

मुझे 24 घंटे में कोशीमासा चाहिए जिंदा या मुर्दा।
नहीं तो उसकी सजा आप भुगतेंगे।
फ्यूरियस फाइव
हमारे होनहार फाइटर डैड-ली और शूतिन के बाद अब ओका-बोका भी मारा गया।
अब क्या करें?
उन्हें कहां ढूंढें?
...हमारी जगह गुरु कोशीमासा को कोई और ले गया और तब से गुरु कोशीमासा हमसे कोई संपर्क भी नहीं कर रहे हैं।
उन्हें हमारे अलावा और कौन जेल से ले जाने की सोच सकता है?
हम तब तक कुछ नहीं कर सकते जब तक पहले की तरह ही गुरु कोशीमासा हमसे मानसिक संपर्क स्थापित ना करें।
शांतियो
तुम्हें पता होगा कि गुरु कोशीमासा का सुप्रीम कोर्ट परिसर से अपहरण हो गया है।

मैं नागराज! शांतिपूर्ण ढंग से 'शांतियो' की तलाशी लेना चाहता हूं।
ओह! तो तुम हो नागराज।
ये धार्मिक स्थल है। किसी आतंकवादी या अपराधी का अड्डा नहीं।
मिस्टर ओंगी कूफू! मैं मिलिट्री इंटेलीजेंस का जासूस जेट-ली हूं।
आप जापानी हैं। सरकारी अफसर भी। आप चाहें या जापानी पुलिस चाहे तो ये काम कर सकती है। मगर नागराज एक विदेशी है। वो कौन होता है यहां आकर तलाशी लेने वाला?
नागराज जो चाहता है, उसे करने दो। उसे जापान सरकार का सहयोग प्राप्त है।
आतंकवाद किसी एक देश की समस्या नहीं है। आतंकवाद के खात्मे के लिए नागराज को विश्व के लगभग सभी देशों का समर्थन प्राप्त है।
नागराज को अपना काम करने दो। नहीं तो यहां जो खून खराबा होगा उसका जिम्मेदार शांतियो होगा।
इसके काम में बाधा उत्पन्न करना सरकारी काम में बाधा समझी जाएगी। और मैं सरकारी काम में बाधा बर्दाश्त नहीं कर सकता।
आश्रम के सदस्य कुटिर उद्योग चलाते हैं।
इसी से आश्रम का खर्च चलता है।

इन्होने अपनी तरह से तलाशी दे दी! अब मैं अपनी तरह से तलाशी लूंगा!
ये नागराज की ज्यादती है। हम शांतियो में सांपों को बर्दाश्त नहीं कर सकते।
ये...ये सांप किसी का अहित नहीं करेंगे।
सभी जगह की तलाशी ली जा चुकी है।
यदि आपको कोई आपत्ति ना हो तो मैं आपके आसन की तलाशी लेना चाहता हूं।
बस! बहुत हो गया। ये हमारे गुरु का अपमान है।
ऐसा तुम समझते हो।
जो भी हो। गुरु को अपने स्थान से उठने के लिए कोई मजबूर नहीं कर सकता।

तो फिर मुझे कटाना उठाने से भी कोई नहीं रोक सकता।
ठहरो! नागराज। तुम जहां चाहे वहां की तलाशी ले सकते हो।
माफी चाहता हूं गुरु शिगेहीरो। कभी आप गुरु कोशीमासा के शिष्य थे और उनके गायब हो जाने से टोक्यो में उपद्रव फैल सकता है। मैं हर उस संभावित जगह की जांच कर लेना चाहता हूं, जहां कोशीमासा हो सकता है।
तुम्हें उनकी नाराजगी की परवाह नहीं करनी चाहिए थी। तुम बिना तलाशी लिए क्यों चले आए?
अगर शिगेहीरो उठने में आनाकानी करता तो मैं जरूर तलाशी लेता। मगर आप इतना क्रोधित क्यों हो रहे थे?
लेकिन अब मुझे आपके आसन की तलाशी की जरूरत नहीं है। आइए मिस्टर जेटली।

क्रोधित तो मैं पहले से ही था। तुम्हारे विरुद्ध इन लोगों के व्यवहार ने मेरे क्रोध की आग पर पेट्रोल डालने का काम किया है। यहां आने से पहले मेरे अफसर ने फोन पर मुझे निकम्मा कहा।
उसने यह केस मुझसे छीन लिया है नागराज।
सॉरी नागराज! मुझे अब जाना होगा। लेकिन कोई जरूरत पड़े तो मुझे याद करना।
कोई बात नहीं जेट-ली। बाय।
बाय नागराज!
फ्यूरियस फाइव के दो जीवित मेम्बर्स हैं चुम्बकी और फफोली। अज्ञात सूत्रों से ज्ञात हुआ कि यह दोनों अभी भी गुरु कोशीमासा के संपर्क में हैं। और उसके गैरकानूनी हथियारों के अड्डो को संचालित कर रहे हैं।
जेट-ली ने मुझे झूठ क्यों बोला?
उसके अफसर ने उससे केस नहीं छीना बल्कि उसे 24 घंटे का समय दिया था।
मुझे तो संदेह है कि इसे कटाना चलानी भी आती है या नहीं।
सनसनीखेज खुलासा। डेड-ली, शूतिन और ओका-बोका फ्यूरियस फाइव नामक पांच खूंखार लड़ाकों के ग्रुप के सदस्य हैं।
ओम के गुरु कोशीमासा को आजाद कराने के लिए हुई इस ग्रुप की स्थापना।
यह जितना दिखता है उतना काबिल नहीं है। बात-बात पर कटाना निकाल लेता है।
मिट्टी का शेर निकला जेट-ली। खतरा बढ़ते देख भाग निकला।

लेकिन अच्छा ही हुआ अब मैं स्वतंत्र रूप से अपना काम कर सकूंगा।
जापान के मिलिट्री बेसिस पर अमेरिकन सेना की गतिविधियां तेज हुईं।
अब मेरा निशाना होगा...
...फ्यूरियस फाइव!!
गुरु कोशीमासा! आप कहां हैं?
मैं आजाद हो चुका हूं और तुमसे शीघ्र ही भेंट करूंगा फिलहाल व्यर्थ की बातों में समय मत गंवाओ।
...हम आजादी के निकट हैं।
डैड-ली, शूतिन और ओका-बोका ने जो कुर्बानियां दीं...
उन्हें हर जापानी याद रखेगा।
गुरु कोशीमासा को नागराज के साथ पूरी जापान की जनता भी ढूंढ रही है!
कोई भी आजादी शहीदों का खून मांगती है। खून रंग लाएगा।
फिलहाल तुम्हारे अगले मिशन बहुत महत्वपूर्ण हैं।
ध्यान से सुनो।

गुरु कोशीमासा का स्वागत है।
गुरु जी! प्रलय नजदीक है। अग्नि अवतार को जगाने का समय आ गया है।
मैंने आपके मनोरंजन का भी इंतजाम किया है गुरु जी।
देख रहे हैं इन अमेरिकी कुत्तों को? इन पर आरोप था कि इन्होंने ओकीनावा की दो लड़कियों को सताया था।
लेकिन ये कमीने अमेरिकन्स, हमेशा की तरह अत्याचार करके मुकर गए। जापान छोड़कर भाग रहे थे।
आह!
मैंने इन्हें उठवा लिया। 50 साल पहले एक अमेरिकन ने मेरी मां के साथ भी अत्याचार किया था।
किसी ने उनकी ना सुनी, मेरी मां ने आत्महत्या कर ली। मैं खून के आंसू रोया था। लेकिन इनके खिलाफ कुछ ना कर सका था।
तब मैंने आपकी भविष्यवाणियां सुनीं। मुझे लगा कि आपकी शरण में पहुंचकर ही मैं अपने देश को इन हैवानों से आजाद करवा सकता हूं। इसीलिए मैंने ओम ज्वाइन किया और आपके गैर कानूनी हथियारों के डिपार्टमेंट को संभालने लगा।
लेकिन टोमो शोगो की वजह से सब गड़बड़ हो गई और आप फंस चुके थे।
तब मैंने आपके दो-एक अड्डे पकड़वा दिए। आपके खिलाफ गवाही दी। खुद बच निकला और अहिंसा का ढोंग करके शांतियो चलाने लगा। सही समय तलाश रहा था सो वो आ गया है।
अब आपका शिष्य आपकी कृपा से इन कमीनों से अपने देश को आजाद कराकर रहेगा।

ये है ओम-फ्यूरियस फाइव के गैर कानूनी हथियारों का अड्डा, जहां नर्व गैस, सरीन और बॉयलोजिकल हथियार बनाए जाते हैं।
एक लम्बी थकानभरी पूछताछ के बाद मैं यहां पहुंच पाया।
ई या ऽऽऽ
या ऽऽऽ ई ऽऽ
वहां बड़ी संख्या में गाय, भैंस, बकरियों कि सप्लाई होती थी जिसका इस्तेमाल ये दरिंदे एंथ्रेक्स, इबोला इत्यादि मारक वायरस बनाने में करते थे।
या ऽऽऽ
ख च्च
ख च्च
इन जानवरों के शरीरों में ये वायरस इंजेक्ट किए जाते हैं। इन्फेक्टेड जानवरों को काटकर टुकड़ों के रूप में रखा जाता है।
उन टुकड़ों में वायरस पनपते रहते हैं। फिर उन टुकड़ों को दुश्मनों के बीच छोड़ दिया जाता है। हैवानियत है यह।
या ऽऽऽ ई ऽऽ
हम्फ!
या ऽऽऽ ई ऽऽ
एक बड़ी तादाद में यहां नर्व गैस सरीन बनाने के लिए केमिकल्स की सप्लाई की गई।

जिन्हें ये लोग पेस्टी साइड्स में इस्तेमाल के नाम पर मंगवाते थे।
ईयाऽऽऽ
किंतु ये फसलों के कीड़े नहीं इंसानों को कीड़ों की तरह मारने का सामान तैयार कर रहे थे।
एक ही जगह पर इन सभी तबाही के सामान की सप्लाई ने मुझे यहां पहुंचा दिया।
और मैं सही जगह पहुंचा।
एक घाव दिया है...
...सौ खाओगे।
फिलहाल तो सौ घेरे खड़े हैं!
रहस्यों के जाल को काटेगी
टोमो